दैनिक जागरण 13/09/2025

# डांस में स्नेहा रावत ने जीता प्रथम पुरस्कार




जीएमएन कालेज में आयोजित कंपीटिशन के विजेता प्रमाणपत्र के साथ • विज्ञप्ति

**अंबाला • (विज्ञप्ति) :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत टैलेंट सर्च कंपीटिशन का आयोजन प्राचार्य डा. रोहित दत्त और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक डा. चंद्रपाल पूनियां के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में डांस, सिंगिंग और प्लेइंग इंस्ट्रूमेंट्स शामिल थे। डांस में प्रथम पुरस्कार स्नेहा रावत, द्वितीय पुरस्कार दिव्यंजली और कुलजोत को मिला। गायन में खुशी ने प्रथम, श्रेयशी ने द्वितीय और कुलजोत ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्लेइंग इंस्ट्रूमेंट्स में सोहम प्रथम, कुलजोत ने द्वितीय और कार्तिक तृतीय रहे।